an>

Title: Need to confer Padma Award on K.D. Jadhav, the renowned Olympic wrestler.

श्री राजू शेट्टी (हातकणंगले): सभी को यह पता है कि विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण कार्य करने वाले व्यक्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष भी कई मान्यवरों को सम्मानित करने हेतु नामों की चयन सूची घोषित की गई है। इनमें से कुछ महान व्यक्तियों को मरणोपरान्त पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया जाने वाला है। यह बहुत ही अच्छी बात है, जो यह संकेत भी देते हैं कि हम देशवासी उनके द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्य को हमेशा याद रखते हैं। इसी आदर्श को जिंदा रखने हेतु पिछली सरकार के साथ पत्राचार करके पहले ओलम्पिक पदक विजेता श्रीयुत खाशाबा जाधव (के.डी.जाधव) जिन्होंने हेलसिंकी ओलम्पिक, 1952 में अत्यंत विपरीत परिस्थितियों में पदक प्राप्त करके देश को गौरवान्वित किया। इस कार्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें मरणोपरांत पद्म पुरस्कार प्रदान हो ऐसी विनती मैंने की थी, किन्तु पिछले सरकार में मरणोपरान्त पद्म पुरस्कार प्रदान नहीं किया जाता है, ऐसा लिखित पत्र मुझे सौंप दिया।

इस वर्ष जिनके नाम इस सूची में सम्मिलित किये गये हैं और मरणोपरांत पद्म पुरस्कार कुछ लोगों को प्रदान किये गए, उससे प्रतीत होता है कि शायद इन नियमों में कुछ बदलाव किया गया है। मेरी आप सभी से प्रार्थना है कि अगर महान व्यक्तियों को मरणोपरान्त पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया जा सकता है तो देश के वरिष्ठ रेसलर भारत माता के सुपुत्र ओलम्पिक पदक विजेता श्री खाशाबा जाधव (के.डी.जाधव) जी को उनके गौरवपूर्ण कार्य को सम्मानित करने हेतु मरणोपरान्त पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया जाए।